**टीईई जून 2025 और टीईई दिसंबर 2025 बीपीवायसी-133 लॉजिक**

(ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट)

कोर्स कोड: बीपीवायसी-133

अंक: 100

**नोट:**

1. सभी पाँच प्रश्नों का उत्तर दें।
2. सभी पाँच प्रश्नों में बराबर अंक हैं।
3. प्रश्न संख्या 1 और 2 का उत्तर लगभग 400 शब्दों में दें।
4. कुछ प्रश्नों में एक से अधिक खंड हैं, कृपया ऐसे प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें और सभी खंडों का उत्तर दें।

**1.** सत्तात्मक तात्पर्य (existential import) पर टिप्पणी कीजिये। पारंपरिक तर्कशास्त्र की कौन सी समस्या सत्तात्मक तात्पर्य द्वारा संबोधित की जाती है? 20

अथवा

**a)** "पदो के विभिन्न प्रकारों" पर टिप्पणी कीजिये। 10

**b)** प्रतीक क्या है? विभिन्न प्रकार के प्रतीकों पर चर्चा करें। 10

**2.** पारंपरिक विरोध वर्ग पर एक टिप्पणी कीजिये। पारंपरिक विरोध वर्ग में संबंधों पर भी चर्चा करें। 20

अथवा

**a)** सत्य सारणी क्या है? निम्नलिखित तर्क की वैधता का परीक्षण अप्रत्यक्ष सत्य सारणी विधि से करें। 5+5=10

$(A \vee B) \bullet (C \supset D)$

$(D \vee E) \bullet F$

$\therefore A \bullet F$

**b)** निम्नलिखित प्रस्तावों के विरुद्ध, व्याघाती, उपाश्रयण और अधिआश्रयण की स्थिति बताएं।
. 2*5=10

i) सभी त्रिभुज बहुभुज हैं।

ii) कुछ भारतीय नागरिक भारतीय मतदाता नहीं हैं।

**3.** निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 200 शब्दों में दें। 2*10=20

**a)** परार्थानुमान क्या है? उचित उदाहरण के साथ स्पष्ट करें। 10

**b)** निगमनात्मक तर्क पर टिप्पणी कीजिये। इसके सीमाएं क्या हैं? 10

**c)** न्यायवाक्य क्या है? उदाहरण दें। 10

**d)** औपचारिक तर्कदोष क्या है? उदाहरण के साथ समझाएं। 10

**4.** निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दें। 4*5=20

**a**) प्रतिज्ञप्ति पर टिप्पणी कीजिये। प्रतिज्ञप्ति का आधुनिक वर्गीकरण समझाएं। 5

**b)** निम्नलिखित तर्कों की वैधता का परीक्षण वेन आरेख विधि से करें। 2*2.5=5

i) AAA-4

ii) EIA-2

**c)** भारतीय तर्कशास्त्र में तर्कदोष पर नोट लिखिए। 10

**d)** व्यवहित अनुमान और अव्यवहित अनुमान के बीच अंतर क्या है? 5

**e)** निम्नलिखित कथनों को मानक प्रतिज्ञप्तियों में अनुवादित करें। 1*5=5

i) उसे चाय नापसंद नहीं है।

ii) प्रत्येक भारतीय नागरिक एक मतदाता है।

iii) सभी बिल्लियाँ म्याऊं करती हैं।

iv) यदि यह एक बाघ है, तो यह एक जानवर है।

v) जब तक वह आवेदन नहीं देता, उसकी मांग नहीं मानी जाएगी।

**f)** निम्नलिखित कथनो का प्रतीकीकरण करें। 1*5=5

i) कुछ किताबें साहित्यिक किताबें हैं और कुछ किताबें गैर-साहित्यिक किताबें हैं।

ii) या तो वह भरोसेमंद है या वह ईमानदार है।

iii) सभी लड़कियाँ श्रेष्ठ हैं और सभी लड़के श्रेष्ठ हैं।

iv) न तो आप और न ही मैं भरोसेमंद हैं।

v) सभी शहर प्रदूषित और अत्यधिक जनसंख्या वाले हैं।

**5.** निम्नलिखित में से किन्ही **पांच** पर **100** शब्दों में संक्षिप्त नोट लिखिए। 5*4=20

**a)** अनुमान

**b)** बूलियन विरोध वर्ग

**c)** सत्य फलन

**d)** स्ट्रॉ मैन तर्क दोष

**e)** हेत्वाभास

**f)** दुविधा का खंडन

**g)** उभयपद दोष

**h)** गुण (निरुपाधिक प्रतिज्ञप्ति)